दैनिक नवज्योति | उदयपुर, रविवार, 22 मार्च, 2015 | 7

सरोद की संगत, स्कूल आर्केस्ट्रा ने बांधा समां

प्रस्तुति देते अमान अली खान तथा अयान अली खान।

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर।

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन की ओर से रविवार को आयोजित किए जाने वाले 33वें वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह की पूर्व संध्या पर शनिवार को सिटी पैलेस के माणक चौक में भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। संगीत संध्या में फाउण्डेशन द्वारा डागर घराने से सम्मानित किए जाने वाले अमान अली खान तथा अयान अली खान ने प्रस्तुति दी। दोनों भाइयों ने सरोद पर प्राचीन राग में अनूठी संगत छेड़ी।

उनके साथ तबले पर तन्मय बोस, मिथलेश कुमार झा ने संगत की। फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ एवं पूर्व सांसद बालकवि वैरागी ने प्रारंभ में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर फाउण्डेशन के न्यासी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, विजया कुमारी मेवाड़ भी उपस्थित थे। संचालन गोपाल सोनी एवं रूपा चक्रवर्ती ने किया। इससे पूर्व महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के 103 विद्यार्थियों ने ऑर्केस्ट्रा से संगीत कला का प्रदर्शन किया।